
# लुप्त अंक

1. निर्देश-(प्रश्न संख्या 1 से 26) : निम्नलिखित प्रश्नों में प्रॅश्न चिह्न (?) के स्थान पर आने वाली संख्या का चयन करें।





(a) 18 (b) 15
(c) 12 (d) 9

**UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(d)**

जिस प्रकार 10 – 7 = 3
12 – 9 = 3
11 – 8 = 3
तथा 3 + 3 + 3 = 9 बीच वाली संख्या है
उसी प्रकार 15 – 12 = 3
17 – 14 = 3
16 – 13 = 3
तथा 3 + 3 + 3 = 9 बीच वाली संख्या होगी।
अत: ? = 9

2.




(a) 15 (b) 12
(c) 8 (d) 18


**UPSSSC अमीन परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(a)**


जिस प्रकार
प्रथम आकृति से-
16 – 12 = 4, 17 – 13 = 4, 18 – 14 = 4
4 + 4 + 4 = 12

उसी प्रकार
द्वितीय आकृति से
23 – 18 = 5
24 – 19 = 5
25 – 20 = 5
5 + 5 + 5 = 15
अत: विकल्प (a) अभीष्ट उत्तर होगा।

**द्वितीय विधि–**
जिस प्रकार




(16 + 17 + 18) – (12 + 13 + 14)
= 51 – 39
= 12 [मध्य वाली संख्या]
उसी प्रकार




(23 + 24 + 25) – (18 + 19 + 20)
= 72 – 57
= 15
अत: विकल्प (a) अभीष्ट उत्तर होगा।

3.




(a) 3 (b) 5
(c) 7 (d) 9

**UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(b)**

जिस प्रकार,

7 के सामने वाली संख्या = $(7)^2 = 49$

तथा 9 के सामने वाली संख्या = $(9)^2 = 81$ है।

उसी प्रकार ? के सामने वाली संख्या = $(?)^2 = 25$

$\therefore (?)^2 = 25$

$\therefore ? = \sqrt{25} = 5$

**4.**




(a) 227 (b) 223

(c) 224 (d) 225

**UPSSSC आशुलिपिक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(d)**

जिस प्रकार

$8 \times 2 = 16 - 1 = 15$

$15 \times 2 = 30 - 1 = 29$

$29 \times 2 = 58 - 1 = 57$

$57 \times 2 = 114 - 1 = 113$

उसी प्रकार

$113 \times 2 = 226 - 1 = 225$

अतः ? के स्थान पर 225 आएगा।

**5.**




(a) 169 (b) 170

(c) 182 (d) 196

**UPSSSC राजस्व निरीक्षक परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(c)**

जिस प्रकार

$9 \times 9 + 9 = 90$

$11 \times 11 + 11 = 132$

उसी प्रकार

$13 \times 13 + 13 = 182$

अतः विकल्प (c) अभीष्ट उत्तर होगा।

**द्वितीय विधि-**

जिस प्रकार

$9 \times (9+1) = 90$ (9 के सामने वाली संख्या)

तथा $11 \times (11+1) = 132$ (11 के सामने वाली संख्या)

उसी प्रकार

$13 \times (13+1) = 182$ (13 के सामने वाली संख्या)

**6.**




(a) 5 (b) 7

(c) 9 (d) 3

**UPSSSC अमीन परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(c)**

जिस प्रकार

$(8)^2 = 64$ (संख्या 8 के सामने वाली संख्या)

तथा $(11)^2 = 121$ (संख्या 11 के सामने वाली संख्या)


उसी प्रकार

$(x)^2 = 81$

$\therefore x = 9$

अतः लुप्त संख्या 9 होगी।

**7.**




(a) 37 (b) 47

(c) 56 (d) 42

**UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(d)**

दिए हुए वृत्त चित्र के चारों ओर जितनी संख्याएं दी गई हैं, वे सभी किसी न किसी संख्या का वर्ग है तथा वृत्त के बीच की संख्या सभी वर्गों के वर्गमूलों का योग है-

इस प्रकार

$$\sqrt{1} + \sqrt{4} + \sqrt{9} + \sqrt{16} = 1 + 2 + 3 + 4$$

$$= 10 \text{ (बीच की संख्या)}$$

तथा $\sqrt{25}+\sqrt{16}+\sqrt{100}+\sqrt{64}=5+4+10+8$

$=27$ (बीच की संख्या)


इसी प्रकार

$\sqrt{36}+\sqrt{64}+\sqrt{144}+\sqrt{256}=?$

$\Rightarrow 6+8+12+16=?$

$\Rightarrow ?=42$

**8.**




(a) 45 (b) 14

(c) 60 (d) 54

**सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(d)**

जिस प्रकार

$3^2+2^2+1^2+1^2=9+4+1+1\Rightarrow 15$

(वृत्त के अंदर की संख्या)

तथा $1^2+3^2+4^2+2^2=1+9+16+4\Rightarrow 30$


(वृत्त के अंदर की संख्या)

उसी प्रकार

$2^2+4^2+3^2+5^2=4+16+9+25\Rightarrow 54$

(वृत्त के अंदर की संख्या)

**9.**




(a) 549 (b) 594

(c) 459 (d) 945

**UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(d)**

जिस प्रकार

$7\times2-1=14-1=13$


तथा $169\times2-1=338-1=337$

उसी प्रकार

$473\times2-1=?$

$\therefore ?=946-1=945$

**10.**




(a) 221 (b) 236

(c) 255 (d) 190

**सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(c)**

दी गई आकृति में संख्या शृंखला निम्नवत है

$7\times2+1=15$

$15\times2+1=31$


$31\times2+1=63$

$63\times2+1=127$

$127\times2+1=255$

अतः $?=255$

**11.**




(a) 594 (b) 459

(c) 949 (d) 549

**UPSSSC अमीन परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(c)**


जिस प्रकार

$9\times2-1=17$

$160\times2-1=319$

उसी प्रकार

$475\times2-1=949$

12. 


(a) 47 (b) 35
(c) 37 (d) 45

**UPSSSC आशुलिपिक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(c)**

जिस प्रकार
$3\times3+5\times6=39$
$4\times4+7\times5=51$
उसी प्रकार
$3\times4+5\times5=?$
$\therefore ?=37$

**13.**

| | | |
|---|---|---|
| 3 | 370 | 7 |
| 2 | 224 | 6 |
| 1 | 730 | X |

**ऊपर दिए गए आव्यूह में 'X' के स्थान पर कौन-सी संख्या है?**

(a) 5 (b) 8
(c) 9 (d) 11

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-III(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर–(c)**

जिस प्रकार
$7^3+3^3=370$ (बीच वाली संख्या)
$2^3+6^3=224$ (बीच वाली संख्या)
उसी प्रकार
$1^3+x^3=730$
$x^3=729$
$x=9$
अत: विकल्प (c) अभीष्ट उत्तर होगा।

**14.**

| | | |
|---|---|---|
| 8 | 17 | 33 |
| 12 | 5 | 29 |
| 10 | 13 | ? |

(a) 9 (b) 23
(c) 27 (d) 33

**UPSSSC आबकारी सिपाही (द्वितीय पाली) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(d)**

पहले स्तंभ का अंक × 2 + दूसरे स्तंभ का अंक = तीसरे स्तंभ का अंक
$8\times2+17=33$
$12\times2+5=29$
$10\times2+13=\boxed{33}$
$\therefore ?=33$

**15.**

| | | |
|---|---|---|
| A | D | G |
| D | I | N |
| I | P | ? |

(a) V (b) W
(c) X (d) Y

**UPSSSC आबकारी सिपाही (प्रथम पाली) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(b)**

जिस प्रकार $A \xrightarrow{+3} D \xrightarrow{+3} G$
तथा $D \xrightarrow{+5} I \xrightarrow{+5} N$
उसी प्रकार $I \xrightarrow{+7} P \xrightarrow{+7} \boxed{W}$
अत: ? = W

**16.**

| | | |
|---|---|---|
| 6 | 8 | ? |
| 9 | 3 | 13 |
| 10 | 14 | 1 |

(a) 5 (b) 7
(c) 9 (d) 11

**UPSSSC आबकारी सिपाही (प्रथम पाली) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(d)**

जिस प्रकार $6+9+10=25$
तथा $8+3+14=25$
उसी प्रकार $?+13+1=25$
$\therefore ?=25-14\Rightarrow 11$

**17.**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 169 | 64 | 81 | 30 |
| 625 | ? | 49 | 50 |
| 1296 | 576 | 100 | 70 |

(a) 324 (b) 289
(c) 441 (d) 361

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-I(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर–(a)**

पंक्ति क्रम से लेने पर

$169=13^2, 64=8^2$ तथा $81=9^2$ तथा $13+8+9=30$

$1296=36^2, 576=24^2$ तथा $100=10^2$

$\therefore 36+24+10=70$

उसी प्रकार

$625=25^2, 49=7^2,$

$\therefore$ रिक्त स्थान वाली संख्या $=25+?+7=50$

या $?=50-32=18$

$\therefore 18^2=324$

**18.**

| | | |
|---|---|---|
| A | C | E |
| N | K | H |
| R | ? | Z |

(a) S (b) T
(c) V (d) W

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-I(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर–(c)**

$A \xrightarrow{+2} C \xrightarrow{+2} E$

$N \xrightarrow{-3} K \xrightarrow{-3} H$

$R \xrightarrow{+4} V \xrightarrow{+4} Z$

अत: ? = V

**19.**

| | | |
|---|---|---|
| 38 | 30 | 23 |
| 8 | ? | 17 |
| 5 | 3 | 2 |

(a) 12 (b) 15
(c) 56 (d) 60

**सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(a)**

जिस प्रकार

$$38+23=61 \Rightarrow \frac{61-1}{2}=30 \text{ (बीच की संख्या)}$$

तथा $$5+2=7 \Rightarrow \frac{7-1}{2}=3 \text{ (बीच वाली संख्या)}$$

उसी प्रकार

$$8+17=25 \Rightarrow \frac{25-1}{2}=?$$

$\Rightarrow 12=?$ (बीच की संख्या)

**20.**

| | | |
|---|---|---|
| A2 | C4 | E6 |
| G3 | I5 | ? |
| M5 | O9 | Q14 |

(a) K7 (b) L7
(c) K8 (d) N8

**UPSSSC आबकारी सिपाही (द्वितीय पाली) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(c)**

अंग्रेजी वर्णमाला का क्रम

$A \xrightarrow{+2} C \xrightarrow{+2} E$

$G \xrightarrow{+2} I \xrightarrow{+2} \boxed{K}$

$M \xrightarrow{+2} O \xrightarrow{+2} Q$

दूसरी पंक्ति में अंकों की व्यवस्था


$3 \rightarrow 5-2$

$5 \rightarrow 9-4$

$\boxed{?} \rightarrow 14-6=8$

अत: (?) स्थान पर K 8 होगा।

**21.**




(a) 92 (b) 38
(c) 66 (d) 36

**UPSSSC आबकारी सिपाही (द्वितीय पाली) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(b)**

| 35 | 43 |
|---|---|
| 20 | 28 |

$\Rightarrow (35+28)-(43-20)=63-23=40$


| 28 | 45 |
|---|---|
| 11 | 16 |

$\Rightarrow (28+16)-(45-11)=44-34=10$

| 15 | 32 |
|---|---|
| 15 | 40 |

$\Rightarrow (15+40)-(32-15)=55-17=38$

अत: विकल्प (b) सही है।

22. 


(a) R
(b) N
(c) M
(d) L

**UPSSSC लोवर-3 परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(c)**

जिस प्रकार

$3+2=5$ (अंग्रेजी वर्णमाला का पांचवां अक्षर E अर्थात)

$5+4=9$ (अंग्रेजी वर्णमाला का नौवां अक्षर I अर्थात)

तथा

$9+8=17$ (अंग्रेजी वर्णमाला का सत्रहवां अक्षर अर्थात Q)

उसी प्रकार

$7+6=13$ (अंग्रेजी वर्णमाला का तेरहवां अक्षर अर्थात M)

अतः विकल्प (c) अभीष्ट उत्तर होगा।

**23.**

| | | |
|---|---|---|
| **9** | **6** | **8** |
| **5** | **8** | **4** |
| **7** | **4** | **?** |
| **11** | **2** | **7** |

(a) 6
(b) 4
(c) 7
(d) 3

**UPSSSC आशुलिपिक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(d)**

जिस प्रकार

$9+7-5=11$

$6+4-8=2$

उसी प्रकार

$8+?-4=7$

$?=7-4$

$?=3$

**24.**

| | | |
|---|---|---|
| **5** | **7** | **.3** |
| **20** | **30** | **10** |
| **95** | **145** | **?** |

(a) 225
(b) 75
(c) 45
(d) 30

**UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(c)**

जिस प्रकार $\frac{7+3}{2}=\frac{10}{2}\Rightarrow 5$

तथा $\frac{30+10}{2}=\frac{40}{2}\Rightarrow 20$

उसी प्रकार $\frac{145+?}{2}=95$

$\therefore 145+?=2\times 95$

$?=190-145$

$?=45$

**25.**

| | | |
|---|---|---|
| **169** | **144** | **289** |
| **121** | **196** | **441** |
| **64** | **81** | **225** |
| **32** | **35** | **?** |

(a) 53
(b) 72
(c) 69
(d) 90

**UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(a)**

जिस प्रकार

$169=(13)^2 \rightarrow 13$

$121=(11)^2 \rightarrow 11$

$\underline{64=(8)^2} \rightarrow \underline{8}$

$32$

तथा

$144=(12)^2 \rightarrow 12$

$196=(14)^2 \rightarrow 14$

$\underline{81=(9)^2} \rightarrow \underline{9}$

$35$

उसी प्रकार

$289=(17)^2 \rightarrow 17$

$441=(21)^2 \rightarrow 21$

$225=(15)^2 \rightarrow 15$

$\therefore ?=17+21+15=53$

**26.**

| | | |
|---|---|---|
| **4** | **9** | **2** |
| **3** | **?** | **7** |
| **8** | **1** | **6** |

(a) 5
(b) 4
(c) 6
(d) 7

**UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015**

**उत्तर–(a)**

जिस प्रकार

प्रथम स्तंभ में $\rightarrow 4+3+8=15$

तथा तृतीय स्तंभ में $\rightarrow 2+7+6=15$

उसी प्रकार

द्वितीय स्तंभ में- $9+?+1=15$

$?=15-10$


$?=5$

# सांकेतिक भाषा


1. यदि 'RHYTHMIC' को 'QGXSGLHB' लिखा जाए, तो 'MUSIC' शब्द के लिए कौन-सा कोड प्रयुक्त होगा–
(a) NVRHB (b) LTRHB
(c) NVTJD (d) LVTHB
UPSSSC राजस्व निरीक्षक परीक्षा, 2016

उत्तर–(b)

जिस प्रकार




उसी प्रकार





अतः विकल्प (b) अभीष्ट उत्तर होगा।


2. यदि CORD का कोड DOSE है और GOLD का कोड HOME है, तो 'SONS' का कोड क्या होगा?
(a) TONT (b) TOPT
(c) TOOT (d) TOOS
UPSSSC राजस्व निरीक्षक परीक्षा, 2016

उत्तर–(c)

जिस प्रकार




उसी प्रकार





अतः SONS का कोड 'TOOT' होगा।


3. यदि किसी सांकेतिक भाषा में SAND को VDQG और BIRD को ELUG लिखा जाता है, तो LOVE को उसी भाषा में कैसे लिखा जाएगा?
(a) NPUH (b) ORYH
(c) PRYG (d) ORTG
UPSSSC आबकारी सिपाही (द्वितीय पाली) परीक्षा, 2016

उत्तर–(b)

जिस प्रकार





उसी प्रकार





4. यदि किसी सांकेतिक भाषा में RADIO को UDGLR लिखा जाता है, तो PHOTO को उसी भाषा में कैसे लिखा जाएगा?
(a) OTOPH (b) SKRWR
(c) OIPUP (d) SKPWP
UPSSSC आबकारी सिपाही (प्रथम पाली) परीक्षा, 2016

उत्तर–(b)

जिस प्रकार




उसी प्रकार




UPSSSC ने इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (d) माना है जो कि त्रुटिपूर्ण प्रतीत होता है।

5. यदि 'PRICE' को कूट में 'SVNIL' लिखते हैं, तो उसी कूट में 'COST' को कैसे लिखेंगे?

(a) FXSZ (b) FSXZ

(c) FSWY (d) FTWZ

**UPSSSC अमीन परीक्षा, 2016**

उत्तर—(b)

जिस प्रकार

PRICE → SVNIL

+3, +4, +5, +6, +7

उसी प्रकार

COST → FSXZ

+3, +4, +5, +6

6. यदि NATION कूट भाषा में MBSJNO है, MENTION का कूट क्या होगा-

(a) LFMUOHM (b) LFMUPHM

(c) LFMUHOM (d) LFMUHPM

**UPSSSC सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2015**

उत्तर—(d)

जिस प्रकार

N A T I O N → M B S J N O

-1, +1, -1, +1, -1, +1

उसी प्रकार

M E N T I O N → L F M U H P M

-1, +1, -1, +1, -1, +1, -1

अत: MENTION का कूट → LFMUHPM होगा।

7. यदि BRUSH कूट भाषा में BOUPH है, CITY का कूट भाषा में क्या होगा-

(a) CFTX (b) CFTV

(c) CFTY (d) CFTW

**UPSSSC सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2015**

उत्तर—(b)

जिस प्रकार

B R U S H → B O U P H

+0, -3, +0, -3, +0

उसी प्रकार

C I T Y → C F T V

+0, -3, +0, -3

अत: CITY का कोड CFTV होगा।

8. यदि COFFEE = FRIIHH तो NOODLES = ?

(a) QRRGOHV (b) QRRGOVH

(c) HVGQRRO (d) RRQHVGO

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-I(सामान्य चयन) परीक्षा, 2016**

उत्तर—(a)

जिस प्रकार

C O F F E E → F R I I H H

+3, +3, +3, +3, +3, +3

उसी प्रकार

N O O D L E S → Q R R G O H V

+3, +3, +3, +3, +3, +3, +3

अत: ? = QRRGOHV होगा।


9. यदि RAHUL कूट भाषा में SBIVM है, ANMOL की कूट भाषा क्या होगी?

(a) BONRM (b) BONPM
(c) BONQM (d) BONSM


UPSSSC सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2015

उत्तर—(b)

जिस प्रकार




उसी प्रकार




अत: ANMOL = BONPM


10. यदि HUMAN कूट भाषा में NDMXH है, BAND की कूट भाषा क्या होगी?

(a) DNAF (b) DQFA
(c) DQAE (d) DANF


UPSSSC सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2015

उत्तर—(c)

जिस प्रकार




उसी प्रकार





11. यदि FILO का कोड BCDE हो, तो XURO का कोड होगा-

(a) HGFE (b) HGEF
(c) HGGF (d) GHFE


UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-II(सामान्य चयन) परीक्षा,2016

उत्तर—(a)

जिस प्रकार




उसी प्रकार




अत: XURO का कोड HGFE होगा।


12. ACDF संबंधित है CGJN से। उसी तरह BEHI संबंधित है ..... से-

(a) DJNQ (b) DINQ
(c) DINR (d) DHNQ


UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-II(सामान्य चयन) परीक्षा,2016

उत्तर—(b)

जिस प्रकार




उसी प्रकार




13. किसी कोड में यदि DECEMBER को ERMBCEDE लिखा जाता हो, तो उसी कोड में NOVEMBER को लिखा जा सकता है-

(a) EMRBVENO (b) ERBMVENO
(c) REMBVENO (d) ERMBVENO

UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016

उत्तर—(d)

जिस प्रकार

DECEMBER ⟶ ERMBCEDE
12345678   78563412

उसी प्रकार

NOVEMBER ⟶ ERMBVENO
12345678   78563412

**14. यदि DIAMOND कूट भाषा में DNOMAID है, PERSON का कूट भाषा में क्या होगा?**

(a) POSREN (b) POSERN
(c) POSENN (d) POSRFN

**UPSSSC सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2015**

**उत्तर–(a)**

जिस प्रकार

DIAMOND ⟶ DNOMAID
1234567   1654327

(पहला एवं अंतिम अक्षर स्थिर है तथा बीच के अक्षरों का क्रम उलट गया है)

उसी प्रकार

PERSON ⟶ POSREN
123456   154326

**15. यदि कूट में 'TAMILNADU' को '387241859' लिखते हैं, तो उसी कूट में 'DALMIA' को कैसे लिखेंगे?**

(a) 548728 (b) 587428
(c) 584278 (d) 584728

**UPSSSC अमीन परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(d)**

सांकेतिक भाषा में-

| T | A | M | I | L | N | A | D | U |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 |

उसी प्रकार

| D | A | L | M | I | A |
|---|---|---|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| 5 | 8 | 4 | 7 | 2 | 8 |

अतः अभीष्ट कूट भाषा में DALMIA को 584728 लिखा जाएगा।

**16. यदि FORCE का कोड 47823 और TIGER का कोड 96538 है, तो 'FIRE' का कोड क्या होगा?**

(a) 4683 (b) 2653
(c) 8962 (d) 4623

**UPSSSC राजस्व निरीक्षक परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(a)**

जिस प्रकार

| F | O | R | C | E | | T | I | G | E | R |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | तथा | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 3 | | 9 | 6 | 5 | 3 | 8 |

उसी प्रकार

FIRE=4683

**17. किसी कोड में, TRAIN को '39 # 7%' लिखा जाता है और MEAL को '4 $ # @' लिखा जाता है। उस कोड में ITEM को कैसे लिखा जाता होगा?**

(a) 73#4 (b) 7$34
(c) 73$4 (d) 79$4

**UPSSSC आशुलिपिक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(c)**

दिया है-I = 7, T = 3, E = $, M = 4
तब ITEM को 73$4 के रूप में लिखा जाएगा।

**18. यदि 'MEAN' का कोड $57* तथा 'DOME' का कोड '93$5' है, तब 'MOAN' का कोड होगा-**

(a) $*37 (b) 3$7*
(c) $73* (d) $37*

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-II(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर–(d)**

दिया है M = $, E = 5, A = 7, N = *, D = 9, O = 3
∴ MOAN → $37*

**19. यदि DELHI को 73541 और CALCUTTA को 82589662 लिखा गया है, तो CALICUT को किस प्रकार लिखा जाएगा?**

(a) 5279431 (b) 5978013
(c) 8251896 (d) 8543691

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-I(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर–(c)**

दिया है
D = 7, E = 3, L = 5, H = 4, I = 1, C = 8, A = 2, U = 9, T = 6
∴ CALICUT = 8251896

**20. यदि JNU को 101714132106 लिखा जाता है, तो PUSA को लिखा जाएगा-**

(a) 1113171923052106 (b) 1715122308150122
(c) 1611210619080126 (d) 1611012621061907

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-II(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर–(c)**

जिस प्रकार JNU शब्द में J अक्षर को वर्णमाला के सीधे क्रम (10) तथा उसके बाद उल्टे क्रम (17) लिखा गया है इसी प्रकार से N और U अक्षर को भी लिखा गया है-

J N U → 10 17 14 13 21 06

उसी प्रकार

P U S A → 16 11 21 06 19 08 01 26

∴ PUSA → 16 11 21 06 19 08 01 26

**21.** **किसी सांकेतिक भाषा में, SOLID को WPSLPIMFHA लिखा गया है। सांकेतिक शब्द ATEXXQIBVO क्या दर्शाता है?**

(a) EAGER (b) WAFER

(c) WAGER (d) WATER

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-I(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर–(d)**

जिस प्रकार

S O L I D

+4 -3 +4 -3 +4 -3 +4 -3 +4 -3

W P S L P I M F H A

उसी प्रकार

W A T E R

+4 -3 +4 -3 +4 -3 +4 -3 +4 -3

A T E X X Q I B V O

अत: ATEXXQIBVO सांकेतिक भाषा में WATER दर्शाता है।

**22.** **एक निश्चित कोड भाषा में यदि HIGHEST कोड को FTUGIJH में लिखा जाता है तो, इसी भाषा में किस शब्द का कोड FTTBQSP होगा?**

(a) PROCEED (b) PRODUCE

(c) PROCESS (d) इनमें से कोई नहीं

**सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा - 2016**

**उत्तर–(c)**

जिस प्रकार

| H | I | G | (H) | E | S | T |
|---|---|---|---|---|---|---|
| +1 | +1 | +1 | –1 | +1 | +1 | +1 |
| I | J | H | (G) | F | T | U |

तथा G के दाएं और बाएं वर्णों का स्थान बदलने पर FTUGIJH उसी प्रकार B के दाएं और बाएं के वर्णों का स्थान बदलने पर

| P | R | O | (C) | E | S | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| +1 | +1 | +1 | –1 | +1 | +1 | +1 |
| Q | S | P | (B) | F | T | T |

अत: विकल्प (c) सही होगा।

**23.** **यदि 'RECOMMENDATION' को कूट में 'COMMEDATIONER' लिखते हैं, तो उसी कूट में 'REMUNERATION' को कैसे लिखेंगे?**

(a) MUNERATIORNE (b) MUNERATIONRE

(c) MUNERATIONER (d) MUNERATIOENR

**UPSSSC अमीन परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(c)**

जिस प्रकार

RE <u>COMMENDATION</u> = <u>COMMENDATION</u> E R

1 2 3 3 2 1

उसी प्रकार

RE <u>MUNERATION</u> = <u>MUNERATION</u> E R

1 2 3 3 2 1

**24.** **यदि कोड में 'NEPALI' को '6-15-0-15-10-13' लिखते हैं, तो उसी कोड में 'STEXQG' कैसे लिखेंगे?**

(a) 21-20-23-4-8-18 (b) 24-20-21-8-18-1

(c) 18-8-24-20-21-5 (d) 20-21-24-5-8-18

**UPSSSC लोवर-3 परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(a)**

जिस प्रकार

N E P A L I

+1 –1 +1

6 15 0 15 10 13

उसी प्रकार

S T E X Q G

+1 –1 +1

21 20 23 4 8 18

अत: विकल्प (a) अभीष्ट उत्तर होगा।

**25.** **यदि कोड भाषा में 'WEAVE' को 'FEZVX' लिखते हैं, तो उसी कोड भाषा में 'ELEVATE' कैसे लिखेगें?**


(a) **ELFUATF** (b) **FLEAUTF**

(c) **FLEUAFT** (d) **FLEUATF**

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-III(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**


**उत्तर–(d)**

जिस प्रकार





W से अगला अक्षर – X
दूसरा एवं चौथा अक्षर समान है एवं मध्य का अक्षर कोड भाषा के मध्य के अक्षर से 1 कम है।

उसी प्रकार





अत: विकल्प (d) अभीष्ट उत्तर होगा।

जिस प्रकार




उसी प्रकार




अत: उसी कोड भाषा में ELEVATE को FLEUATF लिखा जाएगा।

**26. यदि 3 = 7, 8 = 12, 9 = 13 हो, तो 7 = ?**

(a) 10 (b) 11

(c) 12 (d) 13

**UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015**

**उत्तर–(b)**

जिस प्रकार

3 + 4 = 7

8 + 4 = 12

9 + 4 = 13

उसी प्रकार

7 + 4 = ?

11 = ?

**27. यदि 'गुलाब' को 'पॉपी' कहा जाए, 'पॉपी' को 'लिली' कहा जाए, 'लिली' को 'कमल' कहा जाए और 'कमल' को 'ग्लैडीओला' कहा जाए, तो फूलों का राजा कौन है?**

(a) ग्लैडीओला (b) गुलाब

(c) कमल (d) पॉपी

**UPSSSC आशुलिपिक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(a)**

राष्ट्रीय पुष्प होने के कारण यदि कमल को फूलों का राजा मानें तो सही उत्तर विकल्प (a) ग्लैडीओला होगा। UPSSSC के उत्तर-पत्रक में इस प्रश्न का उत्तर (a) ग्लैडिओला दिया गया है।

**28. किसी दूसरे ग्रह पर पृथ्वी, जल, प्रकाश, वायु और आकाश के लिए वहां के स्थानीय शब्द हैं क्रमशः 'आकाश', 'प्रकाश', 'वायु', 'जल', और 'पृथ्वी'। यदि वहां कोई प्यासा है, तो वह क्या पीएगा?**

(a) आकाश (b) जल

(c) वायु (d) प्रकाश

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-I(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर–(d)**

(दूसरे ग्रह पर प्रयुक्त शब्द)

पृथ्वी → आकाश, जल → प्रकाश, प्रकाश → वायु, वायु → जल और आकाश → पृथ्वी

स्पष्ट है यदि कोई व्यक्ति प्यासा होगा तो जल पीएगा। जबकि दूसरे ग्रह पर जल को प्रकाश कहा गया है। अत: व्यक्ति, प्रकाश पीएगा।

**29. यदि 'gorb flur' का अर्थ 'fan belt' है; 'pixn gorb' का अर्थ 'ceiling fan' है; 'arth tusl' का अर्थ 'tile roof' है, तो किस शब्द का अर्थ 'ceiling tile' है?**

(a) gorbtusl (b) pixnarth

(c) flurgorb (d) arthflur

**UPSSSC राजस्व निरीक्षक परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(b)**

[gorb] flur → [fan] belt

pixn [gorb] → ceiling [fan] अर्थात fan का अर्थ gorb

arth tusl → tile roof

∴ ceiling का कोड = pixn

tile का कोड = arth या tusl होगा।

अत: ceiling tile का कोड या तो pixnarth या Pixntusl होगा। परंतु विकल्प में केवल pixnarth दिया है, इसलिए pixnarth सही कोड होगा।

**30. किसी कोड में, 'jo ka ra' का मतलब है 'go for walk', 'ma fo ka' का मतलब है 'do not walk' और 'sa to jo' का मतलब है 'good for you' इसमें 'go' का कोड क्या है?**

(a) fo (b) jo

(c) ka (d) ra

**UPSSSC आशुलिपिक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(d)**

Jo Ka Ra = Go For Walk .......(i)

Ma Fo Ka = Do Not Walk .......(ii)

Sa To Jo = Good For you .......(iii)

इस प्रकार समी. (i), (ii) तथा (iii) से 'go' का कोड 'ra' होगा।

**1. यदि किसी महीने का 10वां दिन शनिवार होता है, तो उस महीने का 27वां दिन होगा।**

(a) शनिवार (b) मंगलवार

(c) सोमवार (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(b)**

यदि किसी महीने का 10 वां दिन शनिवार है तो उस महीने का 17 वां एवं 24 वां दिन भी शनिवार होगा। इस प्रकार उस महीने का 27 वां दिन = शनिवार + 3 = मंगलवार होगा।

**2. यदि किसी माह की 23वीं तारीख को रविवार है, तो 2 सप्ताह और 4 दिन पहले कौन-सा दिन था?**

(a) सोमवार (b) मंगलवार

(c) बुधवार (d) बृहस्पतिवार

**UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(c)**

∵ 23 तारीख को दिन = रविवार

∴ दो सप्ताह पहले दिन = रविवार

(∵ प्रत्येक सप्ताह के बाद दिनों की पुनरावृत्ति होती है।)

रविवार से चार दिन पहले दिन = बुधवार

अत: विकल्प (c) सही उत्तर है।

**3. 12 जनवरी, 1979 को शुक्रवार था निम्नलिखित में से कौन-सा दिन 12 जनवरी, 1981 को होगा?**

(a) रविवार (b) सोमवार

(c) मंगलवार (d) बुधवार

**सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(b)**

12 जनवरी, 1979 को शुक्रवार था

∴ 12 जनवरी, 1980 को शनिवार होगा

(अगले वर्ष 12 जनवरी 1 दिन बाद पड़ेगा)

तथा 12 जनवरी, 1981 को सोमवार होगा क्योंकि वर्ष 1980 लीप वर्ष है।

**4. एक लड़की 6 सितंबर, 1970 को पैदा हुई जिस दिन रविवार था। उसका जन्मदिन रविवार को फिर कब पड़ा होगा?**

(a) 1975 (b) 1977

(c) 1981 (d) 1982

**सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(c)**

∵ 6 सितंबर, 1970 को रविवार था।

∴ 6 सितंबर, 1971 को सोमवार

6 सितंबर, 1972 को बुधवार (क्योंकि यह लीप ईयर है)

6 सितंबर, 1973 को बृहस्पतिवार

6 सितंबर, 1974 को शुक्रवार

6 सितंबर, 1975 को शनिवार

6 सितंबर, 1976 को सोमवार (लीप ईयर)

6 सितंबर, 1977 को मंगलवार

6 सितंबर, 1978 को बुधवार

6 सितंबर, 1979 को बृहस्पतिवार

6 सितंबर, 1980 को शनिवार (लीप ईयर)

6 सितंबर, 1981 को रविवार

अत: स्पष्ट है कि वर्ष 1981 में 6 सितंबर को रविवार होगा।

**द्वितीय विधि-** यह प्रश्न कैलेण्डर के दुबारा प्रयाग से संबंधित है, अत: ऐसे प्रश्नों में आप, जो वर्ष प्रश्न में दिया गया हो, को 4 से भाग दे, देखें- $\frac{1970}{4} = 2$ शेष

अब यदि दिए गए वर्ष में 4 से भाग देने पर 2 या 3 आए तो, उस वर्ष में 11 जोड़ दें, जैसे- $1970 + 11 = 1981$

अत: स्पष्ट है कि उस लड़की का जन्मदिन रविवार को फिर से 6 सितंबर, 1981 को पड़ेगा।

नोट - यदि दिए गए वर्ष में 4 से भाग देने पर शेष 1 आए तो उस वर्ष में 6 जोड़ दें।

**5. यदि किसी महीने की सात तारीख शुक्रवार से तीन दिन पहले हो, तो महीने की 19 तारीख को कौन-सा दिन होगा?**

(a) रविवार (b) सोमवार

(c) बुधवार (d) शुक्रवार

**UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(a)**

प्रश्नानुसार

7 तारीख से 3 दिन बाद अर्थात 10 तारीख को शुक्रवार है,

तो महीने की 19 तारीख को ⇒ 17 तारीख को शुक्रवार तथा 19 तारीख को रविवार होगा।

अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

**6. यदि 1 मार्च, 2008 को शनिवार था, तो बताइए 1 मार्च, 2002 को कौन-सा दिन था?**

(a) शनिवार (b) शुक्रवार

(c) रविवार (d) बृहस्पतिवार

**UPSSSC आबकारी सिपाही (द्वितीय पाली) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(b)**

1 मार्च, 2002 से 31 दिसंबर, 2002 तक कुल विषम दिनों की संख्या

$$= \frac{(365-31-28)}{7} = \frac{306}{7} \Rightarrow 5 \text{ दिन}$$

2003 में विषम दिनों की संख्या = 1 दिन

2004 में विषम दिनों की संख्या = 2 दिन (लीप वर्ष)

2005 में विषम दिनों की संख्या = 1 दिन

2006 में विषम दिनों की संख्या = 1 दिन

2007 में विषम दिनों की संख्या = 1 दिन

1 जनवरी, 2008 से 29 फरवरी, 2008 तक कुल दिन (2008 लीप वर्ष है)

$= 31 + 29 = 60$

विषम दिनों की संख्या $= \frac{60}{7} \Rightarrow 4$ दिन

कुल विषम दिनों की संख्या $= 5+1+2+1+1+1+4$

= 15 दिन

= 2 सप्ताह + 1 विषम दिन

अतः 1 मार्च, 2008, 1 मार्च, 2002 से 1 दिन आगे होगा

⇒ 1 मार्च, 2002 को शुक्रवार था।

**7. सोनिया नौ दिन पहले सिनेमा देखने गई थी। वह सिनेमा देखने केवल बृहस्पतिवार को जाती है। आज सप्ताह का कौन-सा दिन है?**

(a) रविवार (b) शनिवार

(c) बृहस्पतिवार (d) मंगलवार

**UPSSSC आबकारी सिपाही (प्रथम पाली) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(b)**

सोनिया नौ दिन पहले सिनेमा देखने गई थी। वह केवल बृहस्पतिवार को ही सिनेमा देखती है यानी आज से 9 दिन पहले बृहस्पतिवार था, तो आज का दिन होगा = बृहस्पतिवार + 2

= शनिवार

**8. राम, श्याम से 315 दिन बड़ा है और कृष्ण, राम से 70 सप्ताह बड़ा है। यदि कृष्ण का जन्म बुधवार को हुआ था तो श्याम का जन्म किस दिन हुआ था?**

(a) सोमवार (b) बुधवार

(c) शुक्रवार (d) शनिवार

**UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(b)**

राम (R), श्याम (S) से 315 दिन बड़ा है

$\therefore R - S = 315$ .............(i)

कृष्ण (K), राम (R) से 70 सप्ताह अर्थात 490 दिन बड़ा है

$\therefore K - R = 490$ .............(ii)

समी. (i) और (ii) को जोड़ने पर

$K - S = 805$

805 दिन में एक सप्ताह यानी 7 दिन से भाग देने पर अतिरिक्त दिनों की संख्या शून्य है। अतः श्याम का जन्म भी **बुधवार** को हुआ था।

**9. यदि महीने का 10वां दिन शनिवार हो, तो उसी महीने का 27वां दिन कौन-सा होगा?**

(a) सोमवार (b) शनिवार

(c) मंगलवार (d) इनमें से कोई नहीं

**UPSSSC राजस्व निरीक्षक परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(c)**

∵ महीने का 10वां दिन = शनिवार

∴ महीने का 17वां दिन, 24वां दिन = शनिवार

∴ 25वां दिन = रविवार

26वां दिन = सोमवार

27वां दिन = मंगलवार

अतः विकल्प (c) अभीष्ट उत्तर होगा।

**10. यदि किसी मास के 11वें दिन शनिवार हो, तो उसी मास की 27वीं तारीख को कौन-सा दिन आएगा?**

(a) सोमवार (b) शनिवार

(c) शुक्रवार (d) रविवार

**UPSSSC अमीन परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(a)**

किसी मास का 11वां दिन = शनिवार

∴ उस मास का 18वां दिन = शनिवार

∴ उस मास का 25वां दिन = शनिवार

अत: उस मास का 27वां दिन/तारीख

= शनिवार + 2

= सोमवार


**11. जब एक दीवार-घड़ी में समय अपराह्न 3:25 दिखाता है, तो घंटे की सुई और मिनट की सुई के बीच न्यूनकोण क्या होगा?**

(a) $60^\circ$ (b) $52.5^\circ$

(c) $47.5^\circ$ (d) $42^\circ$

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-I(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर—(c)**




कोण = घंटे का समय × 30 ~ मिनट का समय × $\frac{11}{2}$

$= 3 \times 30 \sim 25 \times \frac{11}{2}$

$= 90^\circ \sim 137.5^\circ$

$= 47.5^\circ$

अत: 3 बजकर 25 मिनट पर घंटे एवं मिनट की सुई के मध्य $47.5^\circ$ का कोण होगा।

**12. एक घड़ी 4 : 30 का समय दिखा रही है। यदि मिनट की सुई पूर्व दिशा की ओर है, तो घंटे की सुई की दिशा क्या होगी?**

(a) दक्षिण-पूर्व


(b) दक्षिण-पश्चिम

(c) उत्तर-पूर्व

(d) उत्तर

**UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(c)**




प्रश्नानुसार

यदि मिनट की सुई पूर्व दिशा में है तो उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि घंटे की सुई उत्तर-पूर्व दिशा की ओर होगी।

**13. एक दर्पण में देखने से पता चलता है कि एनालॉग घड़ी (सुइयों वाली) में 1 बजकर 30 मिनट समय है, तो बताओ कि सही समय क्या है?**

(a) 10 बजकर 30 मिनट (b) 6 बजकर 30 मिनट

(c) 6 बजकर 10 मिनट (d) 4 बजकर 30 मिनट

**UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(a)**

सही समय = 11 : 60 – 1 : 30 = 10 : 30

**नोट-** घड़ी में वास्तविक समय देकर आपसे प्रतिबिम्बित या काल्पनिक समय पूछे या इसके विपरीत प्रतिबिम्वित समय देकर आपसे वास्तविक समय पूछे दोनों ही स्थितियों में आप उसे 11:60 घंटे से घटाकर अभीष्ट समय प्राप्त कर सकते हैं।

**14. यदि किसी घड़ी में 7 बजकर 30 मिनट हो रहे हों, तो उस समय घंटे एवं मिनट की सुइयों के बीच कितने डिग्री का कोण बनेगा?**

(a) $120^0$ (b) $95^0$

(c) $75^0$ (d) $45^0$

**UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(d)**

घंटे की सुई द्वारा एक चक्कर लगाने में बना कोण = $360^0$

मिनट की सुई द्वारा एक चक्कर लगाने में बना कोण = $360^0$

∵ घंटे की सुई 12 घंटे में एक चक्कर लगाती है और मिनट की सुई 60 मिनट में

अत: घंटे की सुई द्वारा 12 घंटे में बना कोण = $360^0$

अत: घंटे की सुई द्वारा 7 : 30 ($7\frac{1}{2}$ घंटे) में बना कोण

$= \frac{360}{12} \times \frac{15}{2} \Rightarrow 225^0$

मिनट की सुई द्वारा 60 मिनट में बना कोण = $360^0$

मिनट की सुई द्वारा 30 मिनट में बना कोण = $\frac{360}{60} \times 30 \Rightarrow 180^0$

7 : 30 बजे के दौरान घंटे और मिनट की सुई के बीच बना कोण

$= 225^0 - 180^0$

$= 45^0$

**द्वितीय विधि-** घंटे तथा मिनट की सुइयों के मध्य कोण ज्ञात करने की सरल विधि-

कोण = घंटे का समय × 30 ~ मिनट का समय × $\frac{11}{2}$

$= 7 \times 30 \sim 30 \times \frac{11}{2}$

$= 210° \sim 165°$

अतः 7 बजकर 30 मिनट पर दोनों सुइयों के मध्य 45° का कोण बनेगा।

**15. एक यांत्रिक घड़ी इस समय 7 घंटा 40 मिनट 6 सेकंड दिखा रही है। मान लिया जाए कि यह हर एक घंटे में 4 सेकंड खो देती है, तो ठीक $6\frac{1}{2}$ घंटे बाद यह घड़ी क्या समय दिखाएगी?**

(a) 14 घंटा 9 मिनट 40 सेकंड

(b) 14 घंटा 10 मिनट 6 सेकंड

(c) 14 घंटा 9 मिनट 38 सेकंड

(d) 14 घंटा 10 मिनट 42 सेकंड

**UPSSSC अमीन परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(a)**

वर्तमान समय = 7 घंटा 40 मिनट 6 सेकंड

$6\frac{1}{2}$ घंटे बाद समय = 14 घंटा 10 मिनट 6 सेकंड

जबकि घड़ी प्रत्येक घंटे में 4 सेकंड का समय खो देती है।

इसलिए ठीक $6\frac{1}{2}$ घंटे बाद घड़ी का समय होगा = 14 घंटा 10 मिनट 6 सेकंड – 26 सेकंड (6 घंटा में 6 × 4 = 24 सेकंड तथा $\frac{1}{2}$ घंटा में 2 सेकंड)

अर्थात कुल समय 26 सेकंड कम समय दर्शाएगा

= 14 घंटा 9 मिनट 40 सेकंड

**16. एक दिन में एक घड़ी की सुइयां आपस में कितनी बार मिलती हैं?**

(a) 20 (b) 21

(c) 22 (d) 24

**UPSSSC आबकारी सिपाही (प्रथम पाली) परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(c)**

प्रत्येक घंटे में घड़ी की दोनों सुइयां एक बार आपस में मिलती हैं, लेकिन 12 घंटे में 11 बार तथा 24 घंटे में 22 बार आपस में मिलती हैं।

**17. एक विद्यालय में कक्षा दोपहर 1 बजे प्रारंभ होती है और 3 बजकर 52 मिनट तक चलती है। यदि इस समय में 4 अवधि (पीरीयड) होते हैं एवं प्रत्येक अवधि (पीरीयड) से पहले 4 मिनट का समय एक कमरे से दूसरे कमरे में जाने के लिए छोड़ा जाता है, तो बताइए एक अवधि (पीरीयड) कितने मिनट का होता है?**

(a) 39 मिनट (b) 40 मिनट

(c) 41 मिनट (d) 42 मिनट

**UPSSSC आबकारी सिपाही (प्रथम पाली) परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(b)**

विद्यालय में कक्षा चलने की कुल समयावधि = 3 : 52 – 1 : 00

= 2 : 52

विद्यालय में कक्षा चलने की कुल समयावधि = 2 घंटा 52 मिनट

$= 2 \times 60 + 52 \Rightarrow 172$ मिनट

4 अवधि (पीरीयड) को चलने में एक कक्षा से दूसरी कक्षा में जाने में लगा कुल समय = 4 × 3 = 12 मिनट [क्योंकि पहली कक्षा का समय ठीक 1 बजे होगा तथा दूसरी, तीसरी एवं चौथी अवधि (पीरीयड) में जाने का समय अतिरिक्त होगा जबकि चौथी अवधि (पीरीयड) की कक्षा से स्कूल की समयावधि समाप्त होती है]

∴ वास्तव में 4 अवधि (पीरीयड) का कुल समय = 172 – 12

= 160 मिनट

∴ 1 अवधि (पीरीयड) का समय = $\frac{160}{4} \Rightarrow 40$ मिनट

**18. एक मशीन जो एक फीते को 10 मी. के टुकड़ों में काटती है, उसे एक बार काटने में 6 सेकंड लगते हैं। उसे 3 किमी. लंबा फीता पूरी तरह से टुकड़ों में काटने में कितना समय लगेगा?**

(a) 174 सेकंड (b) 180 सेकंड

(c) 1794 सेकंड (d) 1800 सेकंड

**UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(c)**

∵ 3 किमी. = 3000 मी.

∴ मशीन द्वारा काटे गए टुकड़ों की कुल संख्या $= \frac{3000}{10} \Rightarrow 300$ टुकड़ा

300 टुकड़ों को काटने में मशीन द्वारा लगाए गए कटों (Cut) की संख्या = 299

अतः एक टुकड़ा काटने में लगा समय = 6 सेकंड

299 टुकड़ा काटने में लगा समय $= 299 \times 6 \Rightarrow 1794$ सेकंड

अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**19. सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलते हुए एक घड़ी की घंटे की सुई तथा मिनट की सुई कितनी बार समकोणों पर स्थित होगी?**

(a) 12 (b) 24

(c) 36 (d) 48

**UPSSSC आबकारी सिपाही (द्वितीय पाली) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(*)**

घड़ी की दोनों सुइयां 12 घंटे में 22 बार समकोण बनाएंगी। दरअसल ठीक 9 बजे बनाया गया समकोण 8-9 एवं 9-10 दोनों ही काल खंड में शामिल होता है।

नोट–1 घंटे में 2 बार घड़ी की सुइयां समकोण बनाती हैं।

∴ सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलते हुए एक घड़ी की दोनों सुइयां $= 2 \times 12 - 2 \Rightarrow 22$ बार समकोण बनाएंगी।

इस प्रकार सही उत्तर के रूप में किसी भी विकल्प का चयन नहीं किया जा सकता है। UPSSSC ने इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (b) माना है, जो कि त्रुटिपूर्ण है।

**20. एक रेलगाड़ी 3 मिनट विलंब से चल रही है और आगे वह प्रत्येक मिनट 3 सेकंड विलंब होती जा रही है। बताएं कि यह रेलगाड़ी कितने मिनटों के बाद पूरा एक घंटा विलंब हो जाएगी?**

(a) 1140 मिनट (b) 1150 मिनट

(c) 1160 मिनट (d) 1200 मिनट

**UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(a)**

रेलगाड़ी 3 मिनट विलंब से चल रही है।

∴ रेलगाड़ी पूरा 1 घंटा विलंब होगी

57 मिनट विलंब होने में लगा समय

∵ $= \frac{3}{60}$ मिनट (अर्थात 3 सेकंड) रेलगाड़ी विलंब होगी = 1 मिनट में

1मिनट (अर्थात 3 सेकंड) रेलगाड़ी विलंब होगी $= \frac{1}{3/60}$ मिनट में

=57 मिनट (अर्थात 3 सेकंड) रेलगाड़ी विलंब होगी

$= \frac{57 \times 1}{3/60} = \frac{57 \times 60}{3} \Rightarrow 1140$ मिनट

**21. एक घड़ी मंगलवार को दोपहर एक बजे 1 मिनट धीमी है। वह बृहस्पतिवार को दोपहर एक बजे 2 मिनट तेज है। घड़ी ने कब सही समय बताया था?**

(a) बुधवार को प्रातः एक बजे।

(b) बुधवार को प्रातः पांच बजे।

(c) बुधवार को दोपहर एक बजे।

(d) बुधवार को सायं पांच बजे।

**सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(b)**

∵ घड़ी 48 घंटे में 3 मिनट अधिक समय बताती है।

∴ वह $\frac{48}{3} = 16$ घंटे बाद सही समय बताएगी।

अतः बुधवार को पांच बजे सुबह घड़ी सही समय बताएगी।

**22. दिल्ली के लिए बस हर 35 मिनट बाद छूटती है। पूछताछ अधिकारी ने एक यात्री को बताया कि दिल्ली की बस अभी 10 मिनट पहले ही छूटी है और आगामी बस 9 बजकर 35 मिनट पर जाएगी। बताइए पूछताछ अधिकारी द्वारा यात्री को सूचना कितने बजे दी गई?**

(a) 9 बजकर 10 मिनट (b) 8 बजकर 55 मिनट

(c) 9 बजकर 8 मिनट (d) 9 बजकर 15 मिनट

**UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(a)**

पूछताछ अधिकारी द्वारा यात्री को आगामी बस छूटने का बताया गया समय = 9 : 35 बजे

अतः इसके पहले छूटी बस 35 मिनट पहले = 9 : 00 बजे

पूछताछ अधिकारी द्वारा यात्री को दी गई सूचना

= 9 : 00 + 0 : 10

= 9 बजकर 10 मिनट पर

अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।